## महत्वपूर्ण एवं खास

### फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक पर एफआईआर, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल की कार्यवाई

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर जिले की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल, सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म पर पोस्ट किये हुए मैसेज, फोटो, विडियो पर निगाह रखे हुए है। इसी कड़ी में दिनांक 14.06.2022 को मॉनिटरिंग सेल में कार्यरत प्रधान आरक्षक राजेश पटेल द्वारा राजेश कश्यप नाम के बने फेसबुक आईडी से पोस्ट किये गये वायरल विडियो को चिन्हांकित किया गया। पोस्ट समाज में सौहार्द बिगाडने व प्रभाव डालने के उद्देश्य से वायरल किया जाना पाये जाने से प्रधान आरक्षक राजेश पटेल द्वारा थाना कोतवाली में संबंधित राजेश कश्यप पर कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया है। आवेदन पर आरोपी राजेश कश्यप उर्फ लीलाम्बर कश्यप निवास पता एलआईजी 10 पीके तामस्कर हाउसिंग चक्रधरनगर रायगढ़ के विरूद्ध आईपीसी की धारा 153 (ए) एवं 505 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है जिसमें आरोपी को 3 साल तक की कैद या जुर्माना हो सकता है।

### पुटकापुरी में योग महोत्सव आयोजित

**रायगढ़।** जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत पुटकापूरी में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में समूह के महिलाओं द्वारा बिहान योग महोत्सव का आयोजन पुटकापूरी के माली भवन में किया गया। योग शिक्षक मुरलीधर गुप्ता एवं बीपीएम छाया ईश्वर के मार्गदर्शन से अनुलोमविलोम, भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, उदगीत और हाथ, पैर, गले का सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, योगा गीत, संगीत एवं रैली के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया।

### शिक्षा विभाग रायगढ़ द्वारा कल नटवर स्कूल प्रांगण में मनाया जाएगा वृहद शाला प्रवेशोत्सव

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में 16 जून को शासकीय नटवर स्कूल प्रांगण में जिला स्तरीय विकासखंड व संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव-2022 वृहद स्तर पर मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 16 जून 2022 को अपरान्ह 2 बजे से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश के जिलों के बच्चों से सीधे ऑनलाइन जुड़ेंगे और प्रदेश के किसी भी जिले के बच्चे से सीधे ऑनलाइन मॉनिटर के माध्यम से वार्तालाप करेंगे। इस बार का शाला प्रवेशोत्सव ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड पर संचालित होगा। जिले में शाला प्रवेशोत्सव का उक्त कार्यक्रम जिला, विकासखंड, संकुल एवं प्रत्येक विद्यालय स्तर पर पूरे उत्साह के साथ आयोजित किए जाने व शासन के साथ-साथ समाज के सभी प्रबुद्ध जनों, शिक्षित महिलाओं, विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा आंगनबाड़ी सेविकाओं की सहभागिता व सहयोग की अपील की गयी है। तिलक-वंदन कर नौनिहालों का होगा स्वागत शाला प्रवेशोत्सव-यानि उत्सव नौनिहालों के प्रवेश का जिसे नई ऊर्जा और आनंद के साथ मनाया जाना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु शाला प्रवेशोत्सव के इस वृहद कार्यक्रम में नवागत नौनिहालों का तिलक-वंदन कर स्वागत करते हुए उन्हें नि:शुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। स्कूल चले हम अभियान के तहत विद्यालयीन स्तर पर नि:शुल्क गणवेश वितरण, पाठ्य पुस्तक वितरण, मध्यान्ह भोजन, साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति वितरण आदि योजनाओं के माध्यम से शिक्षा को प्रोत्साहित करने का यह पुनीत प्रयास हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जारी रहेगा।

# कलेक्टर भीम सिंह ने चपले गौठान में संचालित विभिन्न गतिविधियों का किया निरीक्षण

- उपकरणों के संचालन की ट्रेनिंग कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर प्रोडक्शन प्रारंभ करने के दिए निर्देश
- महिला समूह से चर्चा कर गतिविधियों ली जानकारी, कहा आवश्यकतानुसार प्रदान किए जायेंगे आवश्यक उपकरण





रायगढ़। कलेक्टर भीम सिंह ने आज खरसिया विकासखंड के चपले गौठान का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने गौठान में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने मॉडल गौठान के तहत प्राप्त मशीनों के संचालन के लिए प्रदान किए जाने वाले ट्रेनिंग को शीघ्र पूर्ण करते हुए प्रोडक्शन प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने महिला समूह से चर्चा करते हुए उनके आय एवं ब्रिकी के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को समूह के बनाए उत्पादों को ब्रिकी के लिए सी-मार्ट अथवा स्थानीय लिंकेज पर कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे समूह को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

गौठान निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने गौठान में कार्यरत विभिन्न समूहों के गतिविधियों के साथ उनके आय एवं ब्रिकी की भी जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने सर्फ निर्माण करने वाली समूह से चर्चा करते हुए समूह के आय में बढ़ोत्तरी के लिए अस्पताल एवं छात्रावास में लिंकेज के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने पेपर प्लेट निर्माण करने वाली समूह से चर्चा की एवं स्थानीय मांग के अनुसार पेपर की क्वालिटी में सुधार के निर्देश दिए। जिससे समूह के उत्पादों की विश्वसनीयता बनी रहे। उन्होंने फाइल व फोल्डर निर्माण करने वाली समूह से चर्चा की, समूह ने बताया कि 35 हजार तक की ब्रिकी की जा चुकी है एवं मांग बनी हुई है। समूह ने कलेक्टर को पेपर कटिंग उपकरण की आवश्यकता बतायी। जिस पर कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को डिमांड बना कर भेजने के निर्देश दिए। जिससे समूह को कार्य करने में आसानी हो। कलेक्टर सिंह ने सेनेटरी पैड निर्माण करने वाली समूह के कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने समूह से ब्रिकी के संबंध में चर्चा की, समूह के सदस्यों ने बताया कि वर्तमान में 40 हजार रुपये से अधिक की सेनेटरी नेपकिन की ब्रिकी की जा चुकी है। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने डिमांड के अनुसार नेपकिन निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूह के माध्यम से ब्रिकी की जाए एवं नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। जिससे सेनेटरी पैड की उत्पादन मांग के अनुसार बनी रहे।

कलेक्टर सिंह ने पापड़ बनाने वाली मशीन को देखा। समूह द्वारा मशीन संचालन की ट्रेनिग पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी जताई एवं शीघ्र ट्रेनिग करवाने के निर्देश दिए। जिससे प्रोडक्शन का कार्य प्रारंभ किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने मुर्गी पालन एवं पशुपालन करने वाली समूह से आय के संबंध में जानकारी ली। मुर्गी पालन करने वाली समूह ने बताया कि वर्तमान में मुर्गी पालन से अच्छा लाभ हो रहा है। मछली पालन किए जा रहे तालाब के निरीक्षण के दौरान समूह द्वारा पानी व जलस्तर नीचे होने की समस्या बतायी, जिस पर कलेक्टर सिंह ने तालाब के लिए अन्य स्त्रोत से अस्थायी व्यवस्था एवं स्थायी समाधान के लिए गोठान में वाटर रिचार्जिग निर्माण के निर्देश दिए। जिससे गोठान के जलस्तर को बढ़ोत्तरी कर पानी की समस्या दूर किया जा सके। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने मदनपुर स्थित नील सरोवर तालाब के गहरीकरण के कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के शेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा, एसडीएम खरसिया अभिषेक गुप्ता, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केसरी, जनपद सीईओ हिमांशु साहू एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी पर टांगी से किया प्राण घातक प्रहार, आरोपी पुलिस हिरासत में, कापू क्षेत्र की घटना



**रायगढ़।** दिनांक 13.06.2022 के शाम थाना कापू क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम तिलाईडांड विजयनगर में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति पर उसके पडोसी युवक द्वारा टंगिया से सिर, पीठ पर मारकर प्राण घातक चोट पहुंचाने की रिपोर्ट आज थाना कापू में आहत के बड़े भाई पतिराम मांझी (48 वर्ष) द्वारा दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता बताया कि छोटा भाई लाला राम मांझी (45 साल) अलग मकान बनाकर अपने परिवार के साथ रहता है। करीब एक - ढेड साल पहले गांव का गुड्डा कोरवा से छोटे भाई लाला राम मांझी का झगडा विवाद हुआ था, उसी बात पर गुड्डा कोरवा रंजीश व मनमुटाव रखा था और दिनांक 13.06.2022 के शाम गुड्डा कोरवा टांगी लेकर घर से आया और लाल राम मांझी को गाली गलौज करते हुये जान से मारने की नियत से सिर, शरीर में प्राणघातक हमला किया जिससे लाला राम के सिर में गंभीर चोट आया है, लाला राम को ईलाज के लिए शासकीय अस्पताल CHC कापू में भर्ती किये। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायगढ़ रिफर किया गया है। घटना के रिपोर्ट पर आरोपी गुड्डा कोरवा पिता नानहू कोरवा उम्र 30 साल निवासी ग्राम तिलाईडांड विजयनगर कापू पर हत्या का प्रयास का अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी कर कापू पुलिस द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया है, शीघ्र आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा जावेगा।

## अस्पतालों में सभी ग्रुप का ब्लड की पर्याप्त स्टॉक रखने कलेक्टर सिंह ने दिए निर्देश

- सभी विभागों का शेड्यूल तैयार कर ब्लड डोनेशन कैंप का करें आयोजन
- विश्व रक्तदान दिवस पर रेडक्रास सोसाइटी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**रायगढ़।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आज रेडक्रास सोसाइटी द्वारा कलेक्टोरेट परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कलेक्टर भीम सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने जिला ब्लड बैंक अधिकारी से ब्लड की नियमित उपयोग एवं डोनेशन की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि आवश्यकतानुसार जिले के अस्पतालों में सभी ग्रुप के ब्लड पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होनी चाहिए। जिससे मरीजों को ब्लड त्वरित उपलब्ध हो सके। रक्तदान दिवस के अवसर पर आज 29 लोगों ने ब्लड डोनेट किया। जिन्हें कलेक्टर सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

रक्तदान दिवस पर कलेक्टर ड्क्षसह ने कहा कि ब्लड के अनुपलब्धता में कई दुर्घटनाओं में घायलों की जान चली जाती है। ब्लड की मांग अनुसार डोनेशन को बढ़ाना आवश्यक है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने सीएमएचओ को सभी विभागों की शेड्यूल निर्धारित कर समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। जिससे पर्याप्त मात्रा में ब्लड एकत्रित किया जा सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक संतोष अग्रवाल, रेडक्रास प्रबंधक मुकेश शर्मा, मेडिकल टीम में डॉ राकेश कुमार ब्लड बैंक इंचार्ज, डॉ. शिद्दार्थ साहिल, एस.ए.अफजल, टेक्नीशियन रामकिनकर गुप्ता सहित रेडक्रॉस की पूरी टीम उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्यो की गति बढ़ाने के साथ गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान -कलेक्टर भीम सिंह

- कलेक्टर सिंह ने खरसिया के निर्माणाधीन स्वामी आत्मानंद स्कूल का किया निरीक्षण



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज खरसिया विकासखंड के निर्माणाधीन स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यो एवं उपयोग किए जा रहे सामग्रियों की जांच की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ड्क्षसह ने निर्माणाधीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यो की धीमी गति पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने स्कूल प्रारंभ से पूर्व अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने ठेकेदार को निर्देशित किया। कार्यो की गुणवत्ता के लिए पीडब्लूडी के अधिकारी पर नाराजगी जताते हुए, मॉनिटिरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ड्क्षसह ने 15 दिवस में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण को पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे शिक्षण कार्यो का संचालन प्रारंभ किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने खरसिया स्थित मुख्यमंत्री युवा केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान युवा केन्द्र संचालक से मूलभूत आवश्यक सुविधा एवं विद्यार्थियों की संख्या की जानकारी ली। विद्यार्थी उपस्थिति पंजी की जांच में विद्यार्थियों की संख्या कम होने एवं पानी की व्यवस्था नहीं करने पर संचालक पर गहरी नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री युवा केन्द्र में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश एसडीएम को दिए। कलेक्टर सिंह ने बीईओ को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम खरसिया अभिषेक गुप्ता, जनपद सीईओ हिमांशु साहू, डीएमसी देवांगन, सहायक संचालक शिक्षा अग्रवाल एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन से हर घर में मिलेगी नल से जल -सीईओ अबिनाश मिश्रा

रायगढ़। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वयन सहायता एजेंसी (आईएसए) के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में किया जा रहा है। कार्यशाला के प्रथम दिवस के अंतिम सत्र में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने आईएसए के सदस्यों से मैदानी स्तर पर हो रही परेशानियों के बारे में संज्ञान लिया व साथ ही आश्वासन दिया कि उनके तरफ से हर संभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन की योजना पेयजल समस्या निवारण के लिए अमृत तुल्य है। उन्होंने हर घर नल से जल पहुंचाने के साथ ही जल संरक्षण के प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यशाला के दूसरे दिन 14 मई को प्रशिक्षणार्थियों की टीम बनाकर तीन ग्राम संगीतराई, सूर्री और लिंजिर का फील्ड विजिट एवं अभ्यास किया गया। जिसमें जल जीवन मिशन के अनिवार्य अंग ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के साथ सहज संवाद करने के साथ ही एफ.टी.के. द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण, ग्राम कार्ययोजना का निर्माण तथा योजना के संचालन-संधारण आदि विषयों पर फील्ड अभ्यास किया गया। फील्ड अभ्यास के अनुभव पर विस्तृत चर्चा एवं फीडबैक के पश्चात अंतिम सत्र का समापन किया गया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता परीक्षित चौधरी, जे.पी.गोंड सहायक अभियंता उपखंड रायगढ़, देवप्रकाश वर्मा सहायक अभियंता खंड रायगढ़ सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ग्राम तडोला में लगा पुलिस जन चौपाल : ग्रामीणों को अपराधों से किया गया जागरूक



रायगढ़। पुसौर थाने के सुपरविजन अधिकारी एडिशनल एसपी माहेश्वर नाग द्वारा दिनांक 14.06.2022 को थाना पुसौर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तडोला में आयोजित पुलिस जन चौपाल पर ग्रामीणों को अपराधों के प्रति जागरूक कर उन्हें विभिन्न अपराधों की जानकारी दिया गया। "पुलिस जन चौपाल" पर एएसपी नाग द्वारा ग्रामीणों से उनकी समस्याएं, शिकायतों के संबंध में चर्चा किया गया। उन्होंने वर्तमान में हो रहे ऑनलाइन ठगी के संबंध में जानकारी देकर जागरूक करते हुए उनसे बचाव के संबंध बताया गया। चौपाल में काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी जिन्हें घरेलू हिंसा, यौन अपराधों तथा पोक्सो संबंधी जानकारी दिया गया और बताया गया कि जादू-टोना जैसी अंधविश्वासों से दूर रहें, गांव में कोई बीमार होता है तो उसका उचित ईलाज करावें, अनावश्यक झगड़ा विवाद न करें। एएसपी माहेश्वर नाग द्वारा ग्रामीणों को चौपाल में गांव में शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा जुआ, शराब या अन्य प्रकार की सूचनाएं तत्काल पुलिस को दिये जाने तथा यातायात नियमों का पालन किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा भी रहवासियों को विधिक सहायता, महिला संबंधी अपराधों पर पीडितों को प्राप्त होने वाले मुआवजा राशि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। इस दौरान थाना पुसौर के स्टाफ सहित काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## मानसून करीब मौसम में आया बदलाव, आज और कल को प्रदेश में कई स्थान पर होगी बारिश



**रायपुर (आरएनएस)।** देश के कई हिस्सों में लू की स्थिति बनी हुई है। कई जगह पर आज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 15-16 जून तक चिलचिलाती धूप से बड़ी राहत मिलने की संभावना है। हिमालयी क्षेत्र और आसपास के मैदानी इलाकों (पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान) में 15 एवं 16 जून को दक्षिण बस्तर में हल्की वर्षा के संभावना जताई गई है वैसे भी प्रदेश में मानसून 15 से 20 जून के मध्य बस्तर के जरिए छग में प्रवेश करता है। मानसून की गति धीमी होने के कारण अब तक छग में प्री मानसून एवं मानसून संबंधी गतिविधियां कमजोर है। आने वाले सप्ताह में प्रदेश के कुछ स्थानों में अच्छी वर्षा होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। अभी प्रदेश में 15 ,16 को हल्की वर्षा एवं गरज चमक के साथ छीटें पडऩे की संभावना है। प्रदेश के अनेक हिस्सों में जताई गई है।

आईएमडी ने कहा, ''16 जून को जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तरी पंजाब और उत्तरी हरियाणा में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि 16 जून से 22 जून के बीच अधिकतम तापमान सामान्य से सामान्य से कम रहने की संभावना है। ''सप्ताह के दौरान देश के किसी भी हिस्से में लू की संभावना नहीं के बराबर है।

देश के कई राज्यों में प्री मानसून की शुरुआत हो चुकी है। दिल्लीवासी अभी तक भीषण गर्मी के चपेट में हैं। गर्मी के साथ ही लोग लू की मार भी झेल रहे हैं। वहीं, स्काईमेट वेदर की रिपोर्ट के मुताबिक आने वाले 24 से 48 घंटों में पूरे देश में गर्मी और लू थमने की संभावना जताई है। इसी के साथ राजस्थान, उत्तर प्रदेश, में हल्की बारिश भी हो सकती है।

उत्तर भारत में पंजाब, हरियाणा, उत्तर और पूर्वी राजस्थान, दिल्ली और पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपरी हिस्सों में सप्ताह भर चलने वाली प्री-मानसून मौसम गतिविधि देखी जा सकती है। इसी के साथ तेज बारिश के साथ हवाएं चलेंगी। इस दौरान लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। साथ ही कुछ दिनों तक हवाएं बनी रहेगी। बता दें कि दिल्ली-हृष्टक्र को लेकर ढ्ढरूष्ठ ने दो दिन के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। बीते सोमवार को लू को लेकर अलर्ट जारी किया था। 14 और 15 जून आसमान में बादल छाए रहेंगे लेकिन, तापमान में कोई गिरावट नहीं आएगी। बीते रविवार को दिल्ली के कई इलाकों में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार रहा।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480